**Series : DPRPR/4** **SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड **4/4/2**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 8 प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **आठ** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खंड हैं – **खंड-क** और **खंड-ख** ।*

*(iii) **खंड-क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv) **खंड-ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*



ZOLLEGE.in

## खंड – क

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25** से **30** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती' – 'मनुष्यता' कविता से उद्धृत इस पंक्ति के आधार पर बताइए कि 'धरा' किसका आभार मानती है ? और क्यों ?

(ख) पर्वतों पर उगे वृक्ष आकाश की ओर चिंतित होकर क्यों देख रहे हैं ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो' – पंक्ति में कौन, किसे संबोधित कर रहा है और वह देशवासियों से क्या अपेक्षा रखता है ?

2. निम्नलिखित **दो** प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **60** से **70** शब्दों में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(क) "विज्ञान व तकनीकी विकास के कारण विकसित देशों में जीवन की रफ्तार बढ़ गई है – जिसके कारण मानसिक रोग बढ़ने लगे हैं," – पंक्तियों का आशय 'झेन की देन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "सफलता को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है," कैसे ? 'कारतूस' एकांकी के आधार पर लिखिए ।

3. पूरक पाठ्य-पुस्तक में 'संचयन' के **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) "उम्र का अंतर आत्मीय संबंधों के बीच बाधक नहीं बनता" – इस कथन को 'हरिहर काका' और 'टोपी शुक्ला' पाठों के संदर्भ में समझाकर लिखिए ।

(ख) आजकल बच्चों में अनुशासन और जीवन-मूल्यों के विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था में कौन सी युक्तियाँ अपनाई जा रही हैं ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के संदर्भ में अपने विचार लिखिए ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि इफ़्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला बूढ़ी नौकरानी सीता के नज़दीक क्यों चला गया ।

## खंड – ख

4. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **6 × 1 = 6**

(क) परोपकार
- परोपकार का अर्थ
- महापुरुषों एवं प्रकृति के उदाहरण
- सामाजिक जीवन में परोपकार आवश्यक क्यों ?

(ख) ज़िन्दगी जिन्दादिली का नाम है
- भूमिका
- नवीन दृष्टिकोण
- निष्काम कर्म

(ग) स्वस्थ जीवन का राज
- स्वस्थ जीवन की परिभाषा
- स्वस्थ जीवन के उपाय
- आवश्यकता



ZOLLEGE.in

5. (क) (a) आप विद्यालय के प्रमुख छात्र मानव हैं । आपके विद्यालय में आपदा-प्रबंधन की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन होने वाला है । छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु **50** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) विद्यालय की सांस्कृतिक सभा के सचिव होने के नाते 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के विषय में विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए लगभग **50** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) सागर अपार्टमेन्ट के सचिव की ओर से अपार्टमेन्ट में रहने वाले लोगों को जल की बर्बादी रोकने हेतु **50** शब्दों में एक सूचना लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) आप केन्द्रीय विद्यालय की सुचेता हैं । आप दसवीं कक्षा की छात्रा हैं । विद्यालय में आपका परीक्षा प्रवेश-पत्र खो गया है । विद्यालय सूचना-पट के लिए लगभग **50** शब्दों में एक सूचना लिखिए । **2½**

6. (a) मैट्रो में यात्रा के दौरान आपका मोबाइल फ़ोन चोरी हो गया है । इसकी शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष के नाम लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

(b) आप अंकित/अंकिता हैं । आप अकसर अपनी सोसायटी में लोगों को बिना मास्क पहने घूमते देखते हैं, जबकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने मास्क पहनना अनिवार्य किया हुआ है । इसकी शिकायत करते हुए सोसायटी के सचिव को लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए ।

7. (क) (a) पिछली कक्षा की अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरण करने हेतु लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) विद्यालय में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले का प्रचार-प्रसार करने हेतु लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) आप अपनी पुरानी साइकिल बेचना चाहते हैं । इसकी जानकारी देते हुए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) आपके पिता शृंगार वस्तुओं के विक्रेता हैं । कोरोना महामारी के कारण उनके कारोबार में मंदी आ गई । उनकी दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

8. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में लघुकथा लिखिए : **5 × 1 = 5**

(क) "अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत"

**अथवा**

(ख) एक वीर सिपाही का सपना



ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in